## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मां-बेटे को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में 300 रुपये न देने के विवाद में दो युवकों ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की। बीच बचाव में आए उसके बेटे को भी पीटा। महिला ने आरोपियों पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्वार्थ लिप्सा से हरियाली होने लगी समाप्त

**रादौर।** महाराणा प्रताप पार्क एसोसिएशन की रादौर द्वारा रविवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान मास्टर देवीदयाल अरोड़ा ने की। एसोसिएशन के प्रधान मास्टर देवीदयाल अरोड़ा ने कहा कि आज हमारी पृथ्वी विभिन्न संकटों से जूझ रही है। हम अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए निरंतर पृथ्वी को संकट में डाल रहे हैं। लेकिन इसके भावी दुष्परिणामों विषय के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

### खेत में खड़े सफेदे के 24 पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** गांव मुगलवाली में अज्ञात व्यक्ति ने भारतीय सेना से सेवानिवृत राम सिंह के खेतों से सफेदे के 24 पेड़ काट कर चोरी कर लिए। राम सिंह अपने परिवार के साथ अंबाला कैंट में रहता है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### डेबिट कार्ड बदलकर अकाउंट से निकाले 1.91 लाख

**यमुनानगर।** विष्णुनगर निवासी अशोक कुमार का डेबिट कार्ड बदलकर दो युवकों ने उसके अकाउंट से एक लाख 91 हजार रुपये निकाल लिए। विष्णुनगर निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कॉलोनी में ही केनरा बैंक के एटीएम में रुपये निकालने के लिए गया था।उसने पांच हजार रुपये निकाले। इस दौरान उसकी डेबिट कार्ड मशीन में फंस गया। तभी दो युवक आए। दोनों ठगों ने उसका डेबिट कार्ड निकाल दिया और धोखे से कार्ड बदल लिया। इसे बाद वह घर आ गया। बाद में पता लगा कि उसके डेबिट कार्ड को प्रयोग कर खाते से एक लाख 91 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

# विद्यार्थियों ने कॉलेज में बिताए गए अपने दिनों की यादों को सांझा किया

राहुल और सुप्रिया को मिस्टर व मिस फेयरवेल का ताज पहनाकर सम्मानित किया गया।



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में विभिन्न खिताबों के नवाजे गए विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्टॉफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के एम.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स एम. कॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मौके पर विद्यार्थियों ने कॉलेज में बिताए गए अपने दिनों की यादों को सांझा किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिंदर सिंह कंग व वाइस प्रिंसिपल डॉ. कमलप्रीत कौर ने एम. कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर्स के सम्मान समारोह में आयोजित फेयरवेल पार्टी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पार्टी के आयोजन से सीनियर्स विद्यार्थियों में सदैव अपने जुनियर्स द्वारा दिखाए गए सम्मान की याद रहेगी। उन्होंने एम.कॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को समझाया कि वह जिस भी क्षेत्र में अपने जीवन की यात्रा में आगे बढ़े वहां पर अपनी पूरी ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा और पूरी मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए आहवान किया। मौके पर कॉलेज के वाणिज्य विभाग की डीन डॉ. जसविंदर कौर ने निवर्तमान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ भविष्य को गले लगाते हुए एक साथ बिताए गए क्षणों को संजोने के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. राजिंद्र सिंह वोहरा, प्रो. सीमा व डॉ. श्वेता ने निभाई। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभागियों का मूल्यांकन करने के बाद छात्र राहुल को मिस्टर फेयरवेल व सुप्रिया को मिस फेयरवेल के खिताब के लिए चयनित किया। जिसके बाद राहुल और सुप्रिया को मिस्टर व मिस फेयरवेल का ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं, छात्र ललित कुमार को मिस्टर ईव और पूजा को मिस ईव के खिताब से सम्मानित किया गया। डॉ. संजय अरोड़ा व डॉ.अशोक खुराना ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया और निवर्तमान विद्यार्थियों के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने एम.कॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को आर्शीवाद दिया और उन्हें संस्थान के मूल्यों को अपने दिलों के करीब रखते हुए अपने प्रयासों में उत्कृष्टता जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रो. शिल्पी, प्रो. जसप्रीत सिंह, प्रो. निशी, प्रो. मंगीत कौर, प्रो. सोनम, प्रो. गुरलीन, प्रो. अमनदीप. प्रो. पूजा राणा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** अनाज मंडी में बिकने को पहुंची गेहूं की समेटते हुए मजदूर।

# गेहूं की आवक से अटने लगी अनाज मंडियां

- जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में अब तक खरीदी गई एक लाख 30 हजार 832 मीट्रिक टन गेहूं
- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को गेहूं की खरीद सुचारू रुप से करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक जोरो पर है। जिले की अनाज मंडियों में अब तक चालू रबी सीजन के दौरान कुल एक लाख 30 हजार 832 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 42 हजार 586 मीट्रिक टनए हैफेड द्वारा 72 हजार 952 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाऊस कॉपार्रेशन द्वारा 15 हजार 294 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### इन मंडियों में अब तक खरीदी गेहूं

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रुप से एमएसपी मूल्य से खरीदी जा रही है। चालू रबी सीजन में अब तक जिला की बिलासपुर अनाज मंडी में 17 हजार 978 मीट्रिक टन, छछरौली मंडी में 9 हजार 703 मीट्रिक टन , गुमथला राव मंडी में 3 हजार 627 मीट्रिक टन, जगाधरी मंडी में 19 हजार 324 मीट्रिक टन, जठलाना अनाज मंडी में 2 हजार 307 मीट्रिक टन ,खारवन मंडी में 2 हजार 36 मीट्रिक टन, प्रताप नगर मंडी में 12 हजार 242 मीट्रिक टन,सरस्वती नगर में 24 हजार 880 मीट्रिक टन,रादौर में 21 हजार 580 मीट्रिक टन, रणजीतपुर में 5 हजार 427 मीट्रिक टन,रसूलपुर मंडी में 4 हजार 246 मीट्रिक टन , साढ़ौरा मंडी में 7 हजार 365 मीट्रिक टन व यमुनानगर मंडी में कुल 117 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

# प्रभात फेरी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कमेटी ने शहर में निकाली प्रभात फेरी
- रामपुरा स्थित श्री हनुमान मंदिर में 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी श्री हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** श्रीरामपुरा कॉलोनी में आयोजित प्रभातफेरी में भाग लेते हुए श्रद्धालु।

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री हनुमान का जन्म उत्सव 23 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में रविवार को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी रविवार सुबह पांच बजे श्री हनुमान मंदिर रामपुरा से शुरु हुई। जो रामपुरा कॉलोनी के विभिन्न इलाकों से होती हुई धीरज ओबरॉय के निवास स्थान पर पहुंची। जहां नाच गाकर कर व पुष्प वर्षा का इसका स्वागत किया गया। बाद में यहां भंडारे का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी में आयोजित भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे। मौके पर मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने बताया कि 19 अप्रैल से प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को प्रभात फेरी रामपुरा कॉलोनी एवं मधु कॉलोनी में निकाली जाएगी। 23 अप्रैल को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा जंगला वाली माता जी के मंदिर से आरंभ होकर रामपुरा कॉलोनी के विभिन्न मंदिरों से होती हुई श्री हनुमान मंदिर में पहुंचेगी। जहां पर इस कलश की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा के बाद मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कई भजनिक व महिला कीर्तन मंडली की सदस्य अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगी। बाद में हनुमान जी का श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल होंगे। मौके पर सुरेंद्र मग्गो, अनिल लंबा, राकेश शर्मा, रोशन लाल पप्पू, दविंदर मेहता, सोम प्रकाश ओबेरॉय आदि ने भाग लिया।

# योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा : चौधरी

- भाजपा युवा मोर्चा ने जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी के नेतृत्व में जगाधरी में चलाया जनसंपर्क अभियान
- लोकसभा अंबाला की भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के लिए ग्रामीणों से भाजपा युवा मोर्चा ने मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुलाब गढ़ में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा पार्टी द्वारा चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने जगाधरी के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोकसभा अंबाला से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में लोगों से आर्शीवाद मांगा। मोर्चा के सदस्यों का नेतृत्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने किया। रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने जगाधरी क्षेत्र के गुलाब नगर, शिवपुरी सोसायटी, गांव कलेसर व गांव ताहरपुर कलां आदि समेत आधा दर्जन स्थानों पर जाकर भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के लिए समर्थन मांगा। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशचल सिंह चौधरी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी भारत देश को विकसित भारत बनाने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लगभग 140 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचाया है। आज देश सुरक्षित हाथों में है। नरेंद्र मोदी सरकार ने घर घर रसोई गैस सिलेंडर पहुंचाया है। हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का आज प्रदेश में लोगों तक सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार जन कल्याणकारी नीति व कृषि एवम् किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल द्वारा विधानसभा जगाधरी में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस दौरान दर्जन भर लोग अन्य पार्टियां छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। जिन्हें भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने पार्टी का पटका पहनाकर कर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही विश्व की नंबर एक पार्टी बनी है। मौके पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राहुल गढ़ी बंजारा,पंकज बेगमपुर, प्रियंक शर्मा, विजयपाल सिंह, रोबिन चौधरी जगाधरी, सोनू मांडेवाला, अभिषेक सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद थे।

# शिविर में एकत्रित हुआ पचास यूनिट रक्त

- हमारा परिवार संस्था द्वारा रादौर में आयोजित किया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रक्तदान शिविर का भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में रविवार को रादौर की शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का मुख्यातिथि एवं समाजसेवी व उद्योगपति संदीप गर्ग लाडवा ने किया। रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि रक्तदान महादान है। इस अवसर पर हमारा परिवार संस्था रादौर के इकाई प्रमुख मनोज सैनी बकाना ने रोटरी क्लब के सदस्यों को शहर में उत्कृष्ठ कार्य करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मौके पर धीरज रोहेवाल, रवि कुमार, कृष्ण कांबोज, मंजीत सिंह पंजेटा, राजेश सैनी, राजीव आर्य सन्नी, रणजीत सैनी, संदीप सैनी, नवीन सैनी, भूपिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्र की सेवा करना हम सभी का कर्तव्यः राजेंद्र

- भगवती मानव कल्याण संगठन ने रादौर में मां दुर्गा की मासिक आरती का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

भगवती मानव कल्याण संगठन व पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मासिक महाआरती रादौर की पंजाबी धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें माँ दुर्गा जी की महाआरती का क्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां दुर्गा व श्री गुरुवर के जयकारे लगवाए गए। उसके बाद तीन-तीन बार शंखनाद किया गया। समापन की बेला पर भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र मेहता ने कहा कि मानवता की सेवा, धर्म रक्षा एवं राष्ट्र की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। हमें अपने इन कर्तव्यों के निर्वहन हेतु नशा, मांसाहार से मुक्त चरित्रवान् जीवन जीना बहुत जरूरी है। जब हमारा समाज नशे व मांसाहार से मुक्त होगा, चरित्रवान् जीवन अपना लेगा, तब युग बदलते देर नहीं लगेगी। संगठन के जिला अध्यक्ष कृष्ण त्यागी ने कहा कि यदि आप स्वस्थ और शान्तिमय जीवन चाहते हैं तो आपको अध्यात्म के पथ पर बढ़ना ही होगा। अपने अन्दर छिपी अलौकिक शक्तियों को जाग्रत करना ही होगा। अंत में जिला कोषाध्यक्ष बीरबल बरेहडी ने आए हुए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बलवंत कांबोज, प्रमोद गुप्ता, राजेश बुबका, अनिल, राजेन्द्र भटली, सतीश चमरोडी, सत प्रकाश, शेर सिंह कांबोज, बलबीर कुंजल, तेजपाल, साहिल राव व रामकुमार आदि मौजूद रहे।

# दांतों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित सफाई करे

- मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में दंत सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** शिविर में बच्चों के दांतो की जांच करते चिकित्सक।

मुकुंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में दंत सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब दो सौ बच्चों के दांतो की जांच की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने भाग लिया। जबकि स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने शिविर की अध्यक्षता की। शिविर में डॉक्टर विजय परमार व डॉक्टर पल्लवी ने बच्चों को दंत सुरक्षा व दांतो की नियमित सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने करीब दो सौ बच्चों के दांतों की जांच की और उन्हें दांतो को स्वस्थ रखने के उपाय बताए। मुख्यातिथि ने बताया कि शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दांतों की सही हाइजीन और बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना रहा।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने जगाधरी में आयोजित किया धार्मिक कार्यक्रम

# आत्म साक्षात्कार आध्यात्म का प्रथम पड़ावः भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में साध्वी रेवा भारती ने साध संगत को आध्यात्म के महत्व से अवगत करवाया।

मौके पर साध्वी बहनों ने अपने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर साध संगत को भाव विभोर कर दिया। साध्वी रेवा भारती ने फरमाया कि मानव से देवत्व की यात्रा आध्यात्म मार्ग से होकर निकलती है। आत्म साक्षात्कार आध्यात्म का प्रथम पड़ाव है। केवल ब्रह्मनिष्ठ गुरु ही अपने तपोबल के द्वारा हमें ब्रह्मज्ञान में दीक्षित करके आत्म साक्षात्कार करवा सकते हैं। ब्रह्मज्ञान भारतीय संस्कृति की सनातन धरोहर है। मानव में देवत्व का अवतरण करने हेतु ब्रह्मज्ञान की सनातन पद्धति ज्ञान एवं विज्ञान का समन्वय है।



**यमुनानगर।** जगाधरी में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में आध्यात्म के महत्व को बताते हुए साध्वी रेवा भारती। *फोटो : हरिभूमि*

### बच्चे मोबाइल से अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे

साध्वी ने कहा कि वैसे तो आज के युग में विज्ञान के कई उपकरणों ने हमारे जीवन को बहुत सरल और सहज बना दिया है। लेकिन केवल मानव जीवन की आवश्यकताओं एवं आराम को ध्यान में रखकर विज्ञान ने जो खोज की है । वह आज हमें शारीरिक तौर पर आलस्य युक्त और मानसिक तौर पर अवसाद ग्रस्त बना रही है। देश का भविष्य छोटे छोटे बच्चे मोबाइल गेम्स और अश्लील चलचित्रों के द्वारा अपने आचरण और जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिसका परिणाम संपूर्ण समाज को उठाना पड़ता है। बिना अध्यात्म के विज्ञान एक श्राप बन जाता है। जापान के दो शहर 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी विज्ञान के इस श्राप को झेल चुके हैं। वहीं, 1984 में भोपाल यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में हुई गैस त्रासदी आध्यात्म रहित विज्ञान का दुष्परिणाम है। आज हमारी जीवनदायिनी प्रकृति और पोषण करने वाली भूमि प्रदूषण एवं प्राकृतिक आपदा के रूप में विज्ञान के दुष्प्रभावों से निरंतर श्रापित हो रहे हैं।

# वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं व आमजन के लिए मतदान से जुड़ी विभिन्न सेवाएं शुरु की गई हैं। जिनका लाभ आमजन को उठाना चाहिए। उक्त जानकारी रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर है। जिसके जरिए 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लॉन्च की गई है। जिसके जरिए



**यमुनानगर।** जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग ने किया है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप के जरिए आम नागरिक उम्मीदवार के बारे में तमाम जानकारियां प्राप्त कर सकता है। इस एप में उम्मीदवार द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को दिए गए नामांकन पत्र को अपलोड किया जाता है।

### वैकल्पिक पहचान पत्र दिखा कर भी डाला जा सकता है वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि मतदाता का नाम मतदाता सूची में है और उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है। बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### फोन करके मतदाता सूची में दर्ज करवाएं नाम

कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं जिला कष्ट निवारण समिति के निवर्तमान सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है, हरियाणा में भी 25 मई को मतदान होना है। भारत के संविधान के अनुसार मतदान भारत के प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति डालें और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान दें। अंकित गुप्ता ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 की शुरूआत की गई है जिस पर कोई भी पात्र व्यक्ति फोन करके अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है।





### जिंदल को वर्मा ने भेंट की श्रीमद्भगवद् गीता

कुरुक्षेत्र। भाजपा कला एवम सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल से मिल कर उनको जीत की शुभकामनाएं देते हुए श्रीमद्भगवद् गीता की प्रति भेंट की। उल्लेखनीय है कि गत दिनों अनिल वर्मा ने ज्योतिसर स्थित वट वृक्ष के नीचे बीजेपी और एनडीए की सहयोगी पार्टियों की जीत के उद्देश्य से 400 बार गीता पाठ का संकल्प लिया था। जीत की इसी शुभ अकांक्षा के साथ उन्होंने आज बीजेपी प्रत्याशी से सांवला गांव स्थित उनके फार्म हाऊस पर औपचारिक भेंट की और आगामी चुनावों में उनकी कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर रिकॉर्ड मतों से जीत की कामना की। अनिल वर्मा ने बताया कि इस बार देश में भारतीय जनता पार्टी की जबरदस्त लहर चल रही है।

# उठान के चलते अनाज मंडियों में नहीं हो पाई गेहूं की खरीद

## विभिन्न एजेंसियों ने 3 लाख 70 हजार 32 एमटी गेहूं की खरीदारी की

■ विभिन्न एजेंसियों ने 1 लाख 5 हजार 592 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 3 लाख 70 हजार 32 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इस खरीद में से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 1 लाख 5 हजार 592 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। रविवार को मंडियों में गेहूं का खरीद कार्य बंद रहा। मंडियों में केवल उठान कार्य किया गया। एजेंसियों द्वारा अब तक 55642 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा गया है। इस जिले में खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केन्द्रों पर खरीद एजेंसियां द्वारा 3 लाख 70 हजार 32 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1 लाख 84 हजार 562 एमटी, हैफेड द्वारा 1 लाख 71 हजार 434 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 13815 व ट्रेडर्स द्वारा 221 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि अजराना कला मंडी में 2812 एमटी, अमीन मंडी में 1860 एमटी, बाबैन मंडी में 17752 एमटी, बारना मंडी में 1315 एमटी, भौर सैयदां मंडी में 2425 एमटी, बोधनी मंडी में 5578 एमटी, चढ़ुनी जाटान मंडी में 1348 एमटी, गुमथला गढ़ु मंडी में 15341 एमटी, इस्माईलाबाद मंडी में 47148 एमटी, झांसा मंडी 6897 एमटी, कराह साहिब मंडी में 12056 एमटी, किरमच मंडी में 1012 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी में 72972 एमटी, लाडवा मंडी में 45725 एमटी, लुखी मंडी में 1417 एमटी, मलिकपुर मंडी में 5012 एमटी, नलवी मंडी में 637, नीमवाला में 4029 एमटी, पिहोवा मंडी में 62761 एमटी, पिपली मंडी में 18829 एमटी, शाहबाद मंडी में 30202 एमटी की खरीद की।

### 55642 किसानों की फसल खरीदी



उपायुक्त ने कहा कि मंडियों व खरीद केन्द्रों पर फसल को लेकर आने के लिए प्रशासन द्वारा एक शेड्यूल बनाया गया है, जिसके तहत ही किसानों को फसल बेचने के लिए बुलाया जा रहा है। अब तक खाद्य आपूर्ति विभाग ने 1 लाख 84 हजार 562 एमटी, हैफेड ने 1 लाख 71 हजार 434 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 13815 एमटी व ट्रेडर्स ने 221 एमटी गेहूं की खरीद की है, जिसमें से 1 लाख 5 हजार 592 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है, जिसमें से डीएफएससी द्वारा 56385, हैफेड द्वारा 47925, एचडब्लयूसी द्वारा 1060 एमटी व ट्रेडर्स द्वारा 221 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। विभिन्न एजेंसियों द्वारा अब तक 55642 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा है।

## नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षकों की हुई मेडिकल फिटनेस जांच

■ सिविल सर्जन के प्रतिनिधि के रूप में डॉ.अंजली वैद्य ने फिटनेस प्रमाण पत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



रविवार को लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षकों की मेडिकल जांच हुई। इसमें उप सिविल सर्जन डॉ. अंजलि वैद्य,वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र सिंह चौहान, हृदय,छाती एवं क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेंद्र ममगाईं 'शैली', अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.मनु सोनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अनीता गोयल, नाक- कान-गला विशेषज्ञ डॉ.विक्रम बंसल एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. विनोद कुमार ने नवनियुक्त प्रशिक्षकों की जांच की और सिविल सर्जन के प्रतिनिधि के रूप में डॉ.अंजली वैद्य ने उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिया।

इस अवसर पर नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षक अमित ने बताया कि करीबन 3200 आईटीआई प्रशिक्षकों की भर्ती 2019 में शुरू हुई थी; जिसमें से करीबन 800 लोगों ने अपना पदभार संभाल लिया था। कुछ समय बाद इस प्रक्रिया पर 2023 में अदालत ने स्टे लगा दिया था। अभी कुछ हफ्ता पहले ही अदालत ने स्टे हटा दिया था।

### प्राचीन श्रीदुर्गा माता एवं राधा कृष्ण मंदिर में विशाल भंडारे के साथ 14 दिवसीय नवरात्रि महोत्सव संपन्न

कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर तट स्थित प्राचीन श्रीदुर्गा माता एवं राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को विशाल भंडारे के साथ ही 14 दिवसीय नवरात्रि महोत्सव संपन्न हो गया। संकीर्तन में मंदिर महिला मंडल ने कीर्तन किया, जिसमें श्रद्धालु जमकर झूमे। मंदिर में मुख्यातिथि श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय अस्पताल के बाल रोग विभागाध्यक्ष डा. शंभू दयाल शर्मा व उनकी पत्नी कल्पना शर्मा रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि केडीबी पूर्व सदस्य एवं श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के मुख्य सलाहकार अधिवक्ता जयनारायण शर्मा, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, कैथल सिविल अस्पताल के पूर्व प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेंद्र ममगाईं शैली रहे। मुख्यातिथियों को मंदिर संचालक पंडित तुषार गौड़, कमेटी सदस्य पंडित अंशुल गौड़, पंडित अभिषेक गौड़ ने मां की चुन्नरी से सम्मानित किया।

## जनता के मुद्दों को लोस में उठाने का काम करूंगाः डॉ. सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



■ डॉ. सुशील गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी रोशन लाल गुप्ता के निवास स्थान पर पहुंचे

इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता रविवार को वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी रोशन लाल गुप्ता के निवास स्थान पर पहुंचे। मौके पर व्यवसायी कपूरचंद गर्ग, प्रवेश गर्ग, प्रवीण गर्ग, माधुर गोयल, डॉ. केदार गोयल, सतपाल सिंगला, डॉ. अजय गोयल, अंशुमन अरोड़ा, रामकुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, विपुल गोयल, सीए विकास गर्ग, एडवोकेट अजय गोयल, विजय गोयल, विवेक सैनी, अश्वनी गोयल, रविंद्र राणा व डॉ. विकास गोयल भी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र के व्यापारियों और प्रबुद्ध लोगों से कुरुक्षेत्र लोकसभा के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि सभी व्यापारियों, उद्योगपतियों और प्रबुद्ध लोगों से सार्थक चर्चा हुई और चुनाव की आगामी रणनीति को लेकर और प्रचार को तेज करने को लेकर चर्चा की गई। इस दूसरा जनसंपर्क को तेज करने को लेकर भी रणनीति बनाई। सभी प्रबुद्ध जनों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता से जो प्यार और सम्मान मिल रहा है।

वे जीवन पर्यंत इसके आभारी रहेंगे। वे कुरुक्षेत्र की जनता की आवाज को लोकसभा तक लेकर जाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में मिल रहे जनसमर्थन से इंडिया गठबंधन की जीत तय है।



कुरुक्षेत्र। ग्रामीणों को संबोधित करती इनेलो महिला विंग की जिलाध्यक्ष तनुजा। फोटो : हरिभूमि

### हर वर्ग सरकार से ठगा महसूस कर रहा : तनुजा

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र लोकसभा इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला के पक्ष में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता लगातार प्रचार प्रसार कर वोट की अपील कर रहे है। इसी कड़ी में इनेलो युवा नेता अर्जुन चौटाला ने थानेसर हल्के के इंदबड़ी, ज्योतिसर, दबखेड़ी, जोगनाखेड़ा, बाहरी, नरकातरी, मॉडल टाउन, देवीदासपुर, दीदारनगर, मोहननगर व गांव शहरी वार्डों में तूफानी दौरा किया। उनके साथ महिला विंग जिलाध्यक्ष तनुजा, वरिष्ठ नेता धर्मवीर कश्यप सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। अर्जुन ने इस दौरान कई जगहों पर आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित किया। वही अर्जुन की मौजूदगी में सैंकड़ो लोगों ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर अर्जुन ने मौजूदा भाजपा सरकार, लोकसभा उम्मीदवार सुशील और नवीन जिंदल को भी आड़े हाथों लिया। इस अवसर पर इनेलो नेता धर्मवीर कश्यप, जिले सिंह, माई चंद, मेवा राम, शीशपाल, धर्म सिंह, मोहन लाल, श्यामलाल, जोगीराम, विजय कुमार, अशोक, शीशपाल, तेजपाल, प्रबल, प्रकाश, मनदीप, अंकित, राहुल, अमर, गौरव, योगेश, श्रवण कुमार, प्रवीण कुमार, सतीश कुमार, पवन देव, विपिन कुमार, राम रतन शर्मा, धर्मपाल, दीवान चंद, मास्टर सूरजभान, सचिन, शेर सिंह, कालूराम, विजेंद्र, रमेश कुमार शर्मा, गौरव बाजवा, अभी बाजवा, विक्की, सुनहरा कश्यप, बलराम, रिंकू बिबयान, अभिषेक दहिया, परवीन, बलवान सुनैडी खालसा, हलका अध्यक्ष पूनम सुल्तानिया, मीना रानी, अंग्रेजो, नेहा कश्यप आदि मौजूद रहे।

## दस सीटों पर भाजपा की जीत निश्चित : विज

■ समाजसेवी शेखर अरोड़ा के निवास पर पहुंचे पूर्व गृहमंत्री अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज का स्वागत करते समाजसेवी शेखर अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज नगर के समाजसेवी शेखर अरोड़ा के निवास पर पहुंचे जहां शेखर अरोड़ा के परिवार ने बड़ी गर्म जोशी से अनिल विज का स्वागत किया। शेखर परिवार ने अनिल बीच को फूलों का गुलदस्ता देकर और फूल माला डालकर स्वागत किया। शेखर परिवार के इलावा नगर के काफी संख्या में गण मान्य लोगों ने भी अनिल विज का फूल माला डालकर स्वागत किया।

इस मौके पर पूर्व गृहमंत्री ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के बारे में कहा कि दीवार पर पक्का लिखा है 400 पर भाजपा की सीटें आना तय है और हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत निश्चित है। पिछले दिनों कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा भाजपा नेत्री हेमा मालिनी के बारे में दिए गए बयान को लेकर जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा विपक्ष को बोलने का अधिकार है लेकिन मर्यादित ढंग से और महिलाओं के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए जबकि रणदीप सुरजेवाला और उनके पिता भी कांग्रेस के पुराने नेता है। इस मौके पर समाजसेवी आशुतोष गर्ग, अमित सिंगला पार्षद, आरती गुप्ता, श्वेता गर्ग, अनाज मंडी के प्रधान स्वर्ण जीता सिंह कालड़ा, काला आहूजा सहित काफी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे।

## आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर एसो. का त्रिवार्षिक सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। स्मारिका का विमोचन करते अतिथिगण।

पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में आल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर एसोसिएशन की कुरुक्षेत्र इकाई का आठवां त्रिवार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पंजाब नैशनल बैंक के जोनल मैनेजर डॉ. राजेश प्रसाद व विशेष अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल हैड, कुरुक्षेत्र हरि ओम रहे। एसोसिशन की और से ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी कॉमरेड दिलीप साहा, चेयरमैन कॉमरेड अमिताभ भौमिक, अध्यक्ष कॉमरेड श्रीकुमार, उप महासचिव चंडीगढ़ जोन कॉमरेड राजेश पसरीजा उपस्थित रहे।

कांफ्रेंस में चंडीगढ़ जोन के सभी सर्कल्स की एक्जीक्यूटिव कमेटी व एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारीयों ने भी हिस्सा लिया। कांफ्रेंस में लगभग 350 ऑफिसर्स ने शिरकत की। सम्मेलन के बारे में बताते हुए राय सिंह सर्किल सेक्रेटरी कुरुक्षेत्र व डिप्टी जनरल सेक्रेटरी -ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर एसोसिएशन ने बताया कि कुरुक्षेत्र इकाई के निर्विरोध चुनाव उपरांत गठित कार्यकारिणी का सेंट्रल लीडर्स द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। कांफ्रेंस में बैंकों को लेकर सरकार का रवैया, स्टाफ की कमी के चलते ग्राहक सेवा प्रभावित होना, बैंकों के निजीकरण को लेकर सरकार की मंशा, बैंकों में वेतन समझौता, एसोसिएशन मेंबरशिप में वृद्धि आदि पर चर्चा की गई।

## शिविर में 345 रोगियों को जांचा

■ आदेश अस्पताल व मेडिकल कॉलेज की ओर से बाबैन के माड़ी खेड़ा मंदिर में करवाया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर की शुरूआत करते एम.डी. डा. गुणतास गिल व संजीव सिंगला।

रविवार को आदेश अस्पताल व मेडिकल कॉलेज की ओर से बाबैन के माड़ी खेड़ा मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें आदेश अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने जनरल मेडिसन, सर्जरी, आंख-कान रोग, हड्डी रोग, छाती व टीबी के 345 रोगियों की जांच की और दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की। कैंप की शुरूआत आदेश अस्पताल के एमडी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डा. गुणतास सिंह गिल और सरपंच संजीव सिंगला द्वारा की गई।

सरपंच संजीव सिंगला ने कहा कि यह जिला कुरुक्षेत्र व अंबाला की जनता के लिए हर्ष की बात है कि मल्टी सुपर स्पेशलिस्ट आदेश अस्पताल की ओर से गांव-गांव जाकर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करके आवश्यक व सशक्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल ने अधिक से अधिक लोगों को इन कैंपों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आदेश अस्पताल के चिकित्सक सदैव नवीनतम तकनीक के साथ उपचार उपलब्ध करवाए रहे हैं। डा. गिल ने कहा कि बेहतरीन सुविधाएं व उपचार उपलब्ध करवाने के लिए आदेश अस्पताल सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि आस-पास के जिलों में मोहड़ी स्थित आदेश एक ऐसा अस्पताल है जहां एक ही छत के नीचे गंभीर बीमारियों का उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदेश अस्पताल में चौबीस घंटे ट्रामा सेंटर और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जो भी ग्राम पंचायत गांव में निःशुल्क हेल्थ कैंप लगाना चाहती है तो संपर्क कर सकता है।

### भाजपा ने एक बार भी नहीं बढ़ाया कांग्रेस जितना एमएसपी : चौधरी

कुरुक्षेत्र। कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के कोडिनेटर पवन चौधरी ने कहा कि केंद्र में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस के मुकाबले एक बार भी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी नहीं कर सकी। किसानों की सुध 10 साल से सत्ता पर काबिज मोदी सरकार ने नही ली। डॉ मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने हर साल फसलों का एमएसपी बढ़ाकर किसान हितैषी होने का सबूत पेश किया। मीडिया को जारी बयान में पवन चौधरी ने कहा कि साल 1999 से 2004 तक देश में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार थी। उक्त सरकार ने अपने कार्यकाल में धान के दामों में 14 प्रतिशत बढ़ोतरी की, जो सालाना 2.3 प्रतिशत ही रही। लेकिन, कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान धान के एमएसपी में कुल 143 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई, जो सालाना 14.3 प्रतिशत दर्ज की गई। साल 2014 के बाद से अब तक भाजपा की मोदी सरकार ने धान के दाम में सिर्फ 54.1 प्रतिशत बढ़ोतरी की है, यानी सालाना बढ़ोतरी 6 प्रतिशत ही रही है। कांग्रेस नेत पवन चौधरी ने कहा कि साल 1999 से 2004 के दौरान भाजपा गठबंधन की सरकार ने गेहूं के एमएसपी में कुल 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो 1.7 प्रतिशत सालाना दर्ज की गई। इसके बाद कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने इसमें 12 गुणा ज्यादा यानी 126 प्रतिशत की बढ़ोतरी की ।





### सरकार की नीतियों व योजनाओं से मिल रहा है किसानों को लाभ : गर्ग

लाडवा। लाडवा अनाजमंडी में भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस बार किसानों के खेत में गेहूं की बंपर पैदावार होने के कारण किसानों के चेहरे पर रौनक आ रही है। लाडवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस बार किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की पैदावार बहुत अच्छी हुई है। जिसके कारण किसानों को काफी लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि लाडवा अनाज मंडी में भी किसानों की भारी मात्रा में गेहूं की फसल आ रही है और मौजूदा सरकार में किसानों को अनेक प्रकार की योजनाओं के कारण लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के खाते में सीधे पैसे आने के कारण किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। लाडवा अनाज मंडी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व हैफेड द्वारा गेहूं की सरकारी खरीद की जा रही है।

## डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने वर्षगांठ मनाई

# योग और प्राणायाम को दिनचर्या में शामिल करें

■ दवा से रोग ठीक हो जाते हैं लेकिन रोगियों को चिकित्सक ही ठीक कर सकते हैं : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




दवा से रोग ठीक हो जाते हैं लेकिन रोगियों को चिकित्सक ही ठीक कर सकते है यह विचार मोहन नगर में स्थित डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र की पहली वर्षगाँठ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुभाष सुधा राज्य मंत्री स्थानीय शहरी निकाय मंत्री ने व्यक्त करते हुए कहा कि इस हॉस्पिटल में मरीजों को इलाज के साथ साथ परामर्श व मार्गदर्शन सही मिल रहा है जिसके कारण एक वर्ष में ही हॉस्पिटल ने समाज में अपनी पहचान बनाई है। डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन ने कहा कि कुरुक्षेत्र कि जनता को न्यूरो से सम्बंधित रोगों का इलाज करवाने के लिए कुरुक्षेत्र से बाहर ना जाना पड़े इसके लिए प्रयासरत है। सभी को पैदल चलना, दौड़ना, योग, प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का अनिवार्य अंग बनाये। डॉ रूचि जैन की टीम के द्वारा विद्यालयों व कॉलेजों में लड़कियों के मध्य जाकर उनकी समस्याओ व रोगों के बारे में जागरूक किया ओर इलाज में मदद की गई। एक वर्ष में डॉ संजय शर्मा बी.ए.एम.एस. एवं एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस के नेतृत्व में हॉस्पिटल के लिए 57 निशुल्क सामान्य व परामर्श चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। डॉ संगीता गुप्ता प्रोफेसर ने कहा कि अभिभावकों के बाद जीवन की सुरक्षा का बीड़ा चिकित्सक ही उठाते है। इस अवसर पर डॉ राकेश भारद्वाज, डॉ सुरेंद मेहता, डॉ सुतेन्दर गौड़, डॉ पवन बंसल, डॉ उपासना मेहता, डॉ गुरवीर कौर एम.डी.मेडिसिन, डॉ नरेश गर्ग, डॉ संगीता, डॉ सुरेंद्र सहाय, डॉ शालू, डॉ नितीश, डॉ दिनेश, डॉ योगेश क्वात्रा लाडवा, मोनिका, ललिता, अंशुलव नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### श्रीदिगम्बर जैन मंदिर में मनाई भगवान महावीर स्वामी की जयंती

कुरुक्षेत्र। श्रीदिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामीजी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की पूजा के पश्चात धर्मशाला परिसर का उद्घाटन केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने किया। श्रीदिगम्बर जैन सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉक्टर धर्म चंद्र जैन ने आए हुए सदस्यों का स्वागत किया एवं भगवान महावीर स्वामीजी का जन्मोत्सव मानाने की सार्थकता को समझाते हुए भगवान महावीर का संक्षिप्त परिचय दिया जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। आपने हिंसा, पशुबलि, जाति- पाती के भेदभाव चीजों के खिलाफ आवाज उठाई। आप ने अहिंसा का भरपूर प्रचार किया। कार्यक्रम में डॉ हिमांशु जैन, सुशील कुमार, विवेक गोयल, एपी जैन, विजेंद्र जैन, राजीव जैन, विवेक जैन, राजेश जैन, राजेश जैन, डा. आरके जैन आदि मौजूदे रहे।

### मत का सही प्रयोग करने के बारे में किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निर्देशानुसार डीएलएसए द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप भविष्य आपके हाथ में एक मतदान अधिकार अभियान और असंगठित मजदूरों के लिए हक हमारा भी तो है कैंपेन चलाया गया है। जिसके तहत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है और साथ ही मजदूरों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस कैंपेन के तहत पैनल अधिवक्ता तुषार सैनी व पीएलवी अमनप्रीत द्वारा गांव मलिकपुर व मिजार्पुर में लोगों को जागरूक किया गया। सीजेएम नितिन राज ने डीएलएसए के कहा इन कैंपों का उद्देश्य है लोगों को जागरूक करना उन तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है।

**नीलामी सूचना (जोहड़)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव बारना के जोहड़ ( बन तीर्थ ) की नीलामी 29 अप्रैल 2024 को सुबह 10 बजे स्थान कम्यूनिटी सेंटर पर निश्चित की गई है। शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी, बोलीदाता समय पहुंचे।

**रेणू देवी, सरपंच** **राजेन्द्र, ग्रामसचिव**
**ग्राम पंचायत बारना**

